Batteries Private Limited
GSTIN : 23AAKCV2958B1ZE
98260-19695, 93400-86826

कारण बताओ नोटिस / SHOW CAUSE NOTICE

दिनांक: 29.10.2026

संदर्भ: HR/SCN/2026-27/01

गोपनीय

प्रति,

श्री जितेश जोशी

विभाग: Administration

फैक्ट्री: Sanwer road

विषय: दिनांक 27.10.2026 (मंगलवार) रात्रि 11 बजे नशे की हालत में आत्महत्या का वीडियो बनाकर MD को बदनाम करने पर कारण बताओ नोटिस

श्री जितेश जोशी,

आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.10.2026, मंगलवार रात्रि लगभग 11:00 बजे आपके द्वारा एक अत्यंत गंभीर अनुशासनहीनता का कृत्य किया गया है। प्रबंधन को प्राप्त जानकारी और वीडियो के अनुसार, आप उक्त तिथि और समय पर नशे की हालत (Drunk State) में रेलवे ट्रैक पर लेटकर आत्महत्या का प्रयास करने का नाटक / वीडियो बना रहे थे, और वीडियो में आप यह कह रहे थे कि यदि आपकी मृत्यु होती है तो इसके जिम्मेदार कंपनी के प्रबंध निदेशक (MD) श्री योगेश मेहता होंगे।यह कृत्य निम्नलिखित कारणों से गंभीर दुराचरण (Serious Misconduct) की श्रेणी में आता है:

1. ड्यूटी के बाहर भी नशे की हालत में कंपनी परिसर के बाहर इस प्रकार का कृत्य कर कंपनी की छवि को धूमिल करना।
2. बिना किसी आधार के कंपनी के MD श्री योगेश मेहता पर अपनी मृत्यु की जिम्मेदारी डालना, जो मानहानि (Defamation) और ब्लैकमेलिंग / धमकाने के समान है।
3. आत्महत्या जैसे गंभीर विषय का मजाक बनाकर और उसका वीडियो बनाकर सार्वजनिक रूप से प्रसारित करना।
4. यह आचरण कंपनी के Standing Orders की धारा –

(i) ड्यूटी पर या ड्यूटी से बाहर नशा करना,
(ii) (कंपनी की संपत्ति और अधिकारियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना,
(iii) अनुशासनहीनता, का सीधा उल्लंघन है।